# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस नोट सं0-679
दिनांक-25.04.2026

## जोन- दक्षिणी / थाना-मोहनलालगंज

➢ **कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले 01 शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**01-संक्षिप्त विवरण-**



शिकायतकर्ता शिवकुमार पुत्र रामनाथ, निवासी ग्राम सहायखेड़ा, थाना मौरावां, जनपद उन्नाव द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम बिरसिंहपुर, थाना निगोहां, तहसील मोहनलालगंज स्थित गाटा संख्या-65 की भूमि पर विपक्षीगण 1.दुलारा पत्नी शत्रुहन 2.दशरथ 3.लवकुश 4.आकाश 5.विकास पुत्रगण स्व0 शत्रुहन नि0गण नेवलखेड़ा, मजरा डेहवा, थानामोहनलालगंज लखनऊ द्वारा कूटरचित (फर्जी) पारिवारिक रजिस्टर की नकल तैयार कर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार उक्त भूमि से संबंधित वाद न्यायालय में विचाराधीन है तथा इस संबंध में माननीय न्यायालय, लखनऊ द्वारा पूर्व में स्थगन आदेश पारित किया जा चुका है। इसके बावजूद विपक्षीगण द्वारा तथ्यों को छुपाते हुए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर न्यायिक तहसीलदार, मोहनलालगंज से दिनांक 19.10.2023 को एकपक्षीय आदेश प्राप्त कर लिया गया। इस सूचना पर थाना मोहनलालगंज में मु0अ0सं0 29/26 धारा 420/467/468/471 भादवि पंजीकृत किया गया था।

विवेचना से ज्ञात हुआ कि उक्त गाटा सं0-65 के संबंध में माननीय न्यायालय में वाद विचाराधीन है। इसी दौरान विपक्षी **रामकुमार पुत्र दयाराम** द्वारा वर्ष 2011 में उक्त भूमि का विक्रय **राजाराम पुत्र महावीर** के पक्ष में किया गया था। राजाराम, अपने पिता महावीर के इकलौते पुत्र थे, जिनकी मृत्यु वर्ष 2016 में हो गई। राजाराम की मृत्यु के उपरांत, **शत्रोहन पुत्र अंगनू के पुत्र दशरथ व अन्य सह-अभियुक्तों** द्वारा षड्यंत्रपूर्वक कूटरचित पारिवारिक रजिस्टर की नकल तैयार कराई गई, जिसमें वास्तविक तथ्यों को छुपाते हुए अपने पिता शत्रोहन के पिता अगनू के स्थान पर "महावीर" का नाम अंकित कराया गया। उक्त फर्जी पारिवारिक रजिस्टर को आधार बनाकर अभियुक्तगण द्वारा माननीय न्यायिक तहसीलदार, मोहनलालगंज के समक्ष वाद प्रस्तुत किया गया तथा एकपक्षीय आदेश प्राप्त कर गाटा संख्या-65 को अपने एवं अपने परिवारजनों के नाम वरासत में दर्ज करा लिया गया।आगे विवेचना में यह भी प्रकाश में आया कि गाटा संख्या-65 पर अपना नाम दर्ज होने के उपरांत अभियुक्तगण द्वारा अवैध लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से उक्त भूमि का एग्रीमेंट भी किया गया।उपरोक्त तथ्यों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त **दशरथ आदि** की संलिप्तता प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाई गई है। जिसमें दिनांक 25.04.2026 को अभियुक्त दशरथ को ज्योतिनगर तिराहा थाना क्षेत्र मोहनलालगंज से गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तों की तलाश व साक्ष्य संकलन किया जा रहा है।

**02-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01-दशरथ पुत्र शत्रोहन उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम नेवलखेडा थाना मोहनलालगंज, लखनऊ व्यवसाय- मजदूरी

**03-पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

01-मु0अ0सं0 29/26 धारा 420/467/468/471 भादवि थाना मोहनलालगंज लखनऊ

**04-गिरफ्तारी टीम---**

1. उ0नि0 श्री सौरभ सिंह
2. उ0नि0 श्री अरुण कुमार

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-678**
**दिनांक-25.04.2026**

**जोन- उत्तरी / थाना-महिगवां**

➤ **वादी की नाबालिग पुत्री को बिना उसकी मर्जी से ले जाने तथा उसके साथ छेड़छाड करने वाले 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा 01 नफर बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया।**

## 01-सक्षिप्त विवरण:-



दिनांक 21.04.2026 को थाना स्थानीय पर वादी मुकदमा द्वारा प्राप्त तहरीरी सूचना बावत अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 17.04.2026 को वादी की नाबालिग पुत्री को गाडी में बैठाकर ले जाना तथा उसके साथ छेड़छाड़ करने के सम्बन्ध में दाखिल किया । जिसके सम्बन्ध में थाना महिगवां पर मु0अ0सं0 49/2026 धारा 137(2)/74 बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री अंसार अहमद द्वारा सम्पादित की जा रही थी।

आज दिनांक 25.04.2026 को थाना स्थानीय पुलिस टीम मुसपिपरी चौराहा पर मामूर थे कि जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपीगण गुलालपुर मोड पर खडे हैं तथा कहीं जाने की फिराक में हैं। मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचे तथा हिकमत अमली आरोपी को पकड़ लिया।

पकडे गये व्यक्तियों से पूछताछ की गयी तो पहले व्यक्ति ने अपना नाम 01.अनन्त पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम शाहपुर नजूल थाना महिगवां लखनऊ उम्र करीब 25 वर्ष बताया तथा दुसरे अभियुक्त ने अपनी उम्र 16 वर्ष बताया पूर्ण इत्मिनान होने पर अभियुक्त को उसके जुर्म/धारा से अवगत कराते हुए हिरासत पुलिस में लिया गया तथा बालअपचारी को अभिरक्षा में दिया गया। दौराने गिरफ्तारी / अभिरक्षा की कार्यवाही में मा0 सर्वोच्च न्या0 एवं0 मानवाधिकार के आदेशों- निर्देशों का अक्षरशः पालन किया गया। आज दिनांक 25.04.2026 को गिरफ्तार शुदा अभियुक्त 01.अनन्त पुत्र श्रीपाल उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है।

## 02-पंजीकृत/अनावरित अभियोग का विवरण-

**01-मु0अ0सं0 49/2026 धारा 137(2)/74 बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना महिगवां जनपद लखनऊ**

## 03-गिरफ्तार अभियुक्त / बालअपचारी का विवरण /

1. अनन्त पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम शाहपुर नजूल थाना महिगवां लखनऊ उम्र करीब 25 वर्ष, (व्यवसाय मजदूरी )
2. बालअपचारी उम्र करीब 16 वर्ष (व्यवसाय – मजदूरी करता है )

## 04-गिरफ्तारी / अभिरक्षा में लेने वाली पुलिस टीम

1. उ0नि0 श्री अंसार अहमद थाना महिगवां
2. उ0नि0 श्री जयप्रकाश सिंह थाना महिगवां
3. बालकल्याण अधिकारी प्रिया बाजपेई थाना महिगवां
4. का0 कमलेश कुमार थाना महिगवां लखनऊ

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-V

**दिनांक- 26.04.2026**

## मिशन शक्ति 5.0-हर गाँव, हर नारी; हो सुरक्षित और हो सजग हमारी

**थाना हसनगंज पिंक बूथ 60 कैलाश छात्रावास क्षेत्र अंतर्गत भ्रमणशील होकर महिलाओं एवं बच्चियो को मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के साथ ही थानों पर स्थापित महिला शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, पिंक स्कूटी, साइबर क्राइम, यूपी कॉप एप, आदि के सम्बन्ध में किया जागरूक।**

**लखनऊ**: उत्तर प्रदेश सरकार के दृष्टिकोण एवं पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देशों के अनुपालन में, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा नारी सशक्तिकरण को एक नई दिशा और गति प्रदान करने हेतु 'मिशन शक्ति 5.0' का विशेष अभियान 22 सितंबर 2025 से प्रारंभ किया गया है। यह अभियान पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट लखनऊ के मार्गदर्शन में प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत, श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में, जनपद लखनऊ में स्थित सभी 54 थानों पर 'मिशन शक्ति केंद्र' की स्थापना की जा चुकी है। इन केंद्रों की स्थापना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं से संबंधित शिकायतों और समस्याओं का त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण सुनिश्चित करना है।

### कार्यक्रम का उद्देश्य:

- महिलाओं के विरुद्ध अपराधों, साइबर अपराधों के बारे में जागरूकता फैलाना।
- महिला शक्ति को प्रोत्साहित करना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग करना।
- महिलाओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना।

### आयोजक/आयोजन स्थल

- महिला आरक्षी तारावती, पिंक बूथ 60 कैलाश छात्रावास थाना हसनगंज, लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला आरक्षी ज्योति राठौर, पिंक बूथ 60 कैलाश छात्रावास थाना हसनगंज, लखनऊ कमिश्नरेट
- पिंक बूथ 60 कैलाश छात्रावास थाना हसनगंज, लखनऊ द्वारा भ्रमणशील होकर किया गया जागरूक।

### प्रतिभाग-

- महिला आरक्षी तारावती, पिंक बूथ 60 कैलाश छात्रावास थाना हसनगंज, लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला आरक्षी ज्योति राठौर, पिंक बूथ 60 कैलाश छात्रावास थाना हसनगंज, लखनऊ कमिश्नरेट
- पिंक बूथ 60 कैलाश छात्रावास थाना हसनगंज, लखनऊ द्वारा भ्रमणशील होकर किया गया जागरूक।

### कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

लखनऊ पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति गंभीर प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए आज दिनांक 26.04.2026 को थाना हसनगंज के पिंक बूथ 60 कैलाश छात्रावास  पुलिसकर्मियों द्वारा भ्रमणशील होकर महिलाओं व बच्चो को मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और कानूनी अधिकारों पर पुलिस-जनता संवाद कर महिला सुरक्षा केंद्र/ मिशन शक्ति केंद्र के बारे में बताया गया।

महिला संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गई और पंपलेट वितरित किए गए, बच्चियों को बैड टच और गुड टच के बारे में बताते हुए सभी को 1076, 101, 112, 108, 1098, 181, 102, 1090, 1930 आदि नंबर की भी जानकारी दी गई और साइबर फ्रॉड से बचने की हिदायत के साथ- साथ महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। बालिकाओं को उनके भविष्य के प्रति आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया गया। ग्रामीण महिलाओं के साथ संवाद किया और उन्हें महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

"मिशन शक्ति" कार्यक्रम का आयोजन एक सराहनीय पहल है। छात्राओं को महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना वर्तमान समय की अत्यंत आवश्यकता है।

**कार्यक्रमों के महत्वपूर्ण पहलू इस प्रकार हैं**:

**जागरूकता का सृजन:**

छात्राओं एवं महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी मिलती है।
साइबर बुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, हैकिंग, और अन्य डिजिटल खतरों से बचने के उपाय सीखने को मिलते हैं।
यौन उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, और घरेलू हिंसा जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा होती है।

**सशक्तिकरण:**

ऐसे कार्यक्रम लड़कियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाकर और उनका आत्मविश्वास बढ़ाकर सशक्त बनाते हैं।
वे आपात स्थिति में किससे और कैसे मदद लें, इस बारे में जानकारी प्राप्त करती हैं।

**समाज में बदलाव:**

जब युवा पीढ़ी जागरूक होगी, तभी एक सुरक्षित और समान समाज का निर्माण संभव है।
छात्राएं न केवल स्वयं सीखती हैं बल्कि अपने परिवार और समुदाय में भी यह ज्ञान फैलाती हैं।

***उपस्थित स्थानीय महिलाओं और बालिकाओं को "मिशन शक्ति 5.0" के मुख्य उद्देश्यों और घटकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रमुख रूप से निम्नलिखित विषयों पर जागरूकता फैलाई गई:***

1. **महिला सुरक्षा (Women Safety):** महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षित रहने के उपायों के बारे में बताया गया।
2. **महिला स्वावलंबन (Women Empowerment/Self-Reliance):** सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।
3. **महिला शक्ति केंद्र:** महिलाओं के लिए उपलब्ध सहायता और मार्गदर्शन केंद्रों की जानकारी दी गई।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-IV

**दिनांक- 26.04.2026**

**मिशन शक्ति 5.0- सुरक्षा, जागरूकता, अधिकार, यही तो है हमारा विश्वास।**

**थाना चिनहट टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत थाना क्षेत्र चौकी क्षेत्र जलसेतु में भ्रमण कर मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर, साइबर क्राइम व महिला संबंधी अपराध के बारे में जागरूक करके मिशन शक्ति केंद्र के बारे में जानकारी दी गई।**

**मिशन शक्ति 5.0** के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में **श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर** के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

मिशन शक्ति 5.0 अभियान एक **सराहनीय कदम** है जो महिला सशक्तिकरण के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुँचाने में मदद कर रहा है। यह न केवल महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास कराता है बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज के निर्माण की नींव रखता है।

### आयोजक/आयोजन स्थल

- महिला मुख्य आरक्षी अमरावती दुबे, थाना चिनहट, लखनऊ कमिश्नरेट
- चिनहट क्षेत्र में जलसेतु पुलिस चौकी क्षेत्र में भ्रमणशील होकर

### प्रतिभाग-

- महिला मुख्य आरक्षी अमरावती दुबे, थाना चिनहट, लखनऊ कमिश्नरेट
- चिनहट क्षेत्र में जलसेतु पुलिस चौकी क्षेत्र में भ्रमणशील होकरमहिलाओं एवं बच्चो को जागरूक किया।

### कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आज दिनांक 26.04.2026 को थाना चिनहट के मिशन शक्ति टीम द्वारा जलसेतु पुलिस चौकी क्षेत्र में भ्रमणकर बच्चों को मिशन शक्ति अभियान के तहत बताया गया कि कौन कौन-से आचरण और व्यवहार अपराध की श्रेणी में आते हैं तथा साइबर जागरूकता अभियान के महिलाओं को मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090, 112, 181, 1930 ,102, 108 तथा थाना स्थानीय पर संचालित महिला सुरक्षा केंद्र महिला हेल्प डेस्क एवं वर्तमान में हो रहे महिलाओं से संबंधित अपराधों के बारे में जागरूक किया गया ।

बच्चो को गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारी के साथ- साथ महिला सुरक्षा केंद्र/ मिशन शक्ति केंद्र व साइबर अपराधों के बारे में की जानकारी दी गई तथा हेल्प लाइन नंबरों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और साइबर फ्रॉड से बचने की हिदायत के साथ- साथ महिला हेल्प डेस्क , मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों के बारे में जानकारी एवं महिलाओं के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया।

## कार्यक्रम के प्रमुख बिंदु:

1. **अपराधों की पहचान:** बच्चों को यह बताया गया कि कौन-से आचरण और व्यवहार अपराध की श्रेणी में आते हैं।
2. **साइबर सुरक्षा जागरूकता:** साइबर अपराधों और साइबर फ्रॉड से बचने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।
3. **गुड टच-बैड टच की शिक्षा:** बच्चों को व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में समझाया गया।
4. **महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी:** महिलाओं और बच्चों की सहायता के लिए संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया, जैसे:
   - **1076, 1090, 112, 181, 1930, 102, 108**
5. **सहायता केंद्रों का परिचय:** थाना स्तर पर संचालित **महिला सुरक्षा केंद्र**, **महिला हेल्प डेस्क** और **मिशन शक्ति केंद्र** के कार्यों और भूमिका से अवगत कराया गया।
6. **महिला उन्मुखी योजनाओं की जानकारी:** माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया।

## निष्कर्ष

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि **मिशन शक्ति 5.0** का यह जागरूकता कार्यक्रम एक समग्र और सर्वांगीण पहल थी। इसके माध्यम से न केवल बच्चों को उनके व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारों (जैसे गुड टच-बैड टच) और साइबर अपराधों से सजग कराया गया, बल्कि उन्हें और महिलाओं को उपलब्ध संसाधनों जैसे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, थाना-स्तरीय सहायता केंद्र और सरकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने का प्रयास किया गया।

**मिशन शक्ति 5.0** अभियान **सुरक्षा, जागरूकता और सशक्तिकरण** के त्रिसूत्री लक्ष्य पर केंद्रित था। इसका उद्देश्य केवल अपराधों की जानकारी देना ही नहीं, बल्कि एक ऐसा सुरक्षा-तंत्र विकसित करना था, जहाँ प्रत्येक बच्चा और महिला स्वयं को सुरक्षित, सजग और सहायता प्राप्त करने में सक्षम महसूस कर सके। यह कार्यक्रम 'सुरक्षित समाज' के निर्माण की दिशा में एक सार्थक और प्रशंसनीय कदम साबित हुआ।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-III

**“मिशन शक्ति 5.0- "सतर्क, सजग, सशक्त नारी; सुरक्षित परिवार, मजबूत समाज!"**

**थाना मानकनगर पुलिस टीम द्वारा बाराबिरवा चौराहा पर महिलाओं ,बालिकाओं व छोटे बच्चों को पम्पलेट वितरण करके महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाने और उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव की दी गई जानकारी।**

**दिनांक- 26.04.2026**

महिला सशक्तिकरण उत्तर प्रदेश सरकार की एक प्रमुख पहल, "मिशन शक्ति महिलाओं के लिए एक सुरक्षित आश्रय और सहायता प्रणाली के रूप में कार्य करता है जो घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन शोषण, या किसी भी प्रकार की हिंसा का सामना कर रही हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के दृष्टिकोण और पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देशानुसार, पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट लखनऊ के मार्गदर्शन में 22 सितंबर 2025 से 'मिशन शक्ति 5.0' का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान नारी सशक्तिकरण को एक नई दिशा और गति प्रदान कर रहा है।

लखनऊ पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद के सभी 54 थानों में विशेष 'मिशन शक्ति केन्द्र' स्थापित किए हैं। यह निर्णय श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस आयुक्त, लखनऊ के मार्गदर्शन में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत लिया गया है

### आयोजक/आयोजन स्थल-

- महिला आरक्षी पूजा मीणा, थाना मानकनगर, लखनऊ कमिश्नरेट
- मानकनगर क्षेत्रान्तर्गत बाराबिरवा चौराहा पर

### प्रतिभाग-

- ✓ महिला आरक्षी पूजा मीणा, थाना मानकनगर, लखनऊ कमिश्नरेट
- ✓ मानकनगर क्षेत्रान्तर्गत बाराबिरवा चौराहा पर महिलाओं ,बालिकाओं व छोटे बच्चों को जागरूक किया गया।

### कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 26.04.2026 को बाराबिरवा चौराहे पर महिलाओं ,बालिकाओं व छोटे बच्चों को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए बच्चों/महिलाओं को महिलाओ की सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, साइबर जागरूकता आदि के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति के तहत विभिन्न हेल्प लाईन नम्बर 1090 विमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन 108 एंबुलेंस सेवा, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन एवं up cop आदि के साथ महिलाओ को समर्पित सरकारी योजनाओ के बारे में जागरूक किया गया।

**"मिशन शक्ति 5.0 हमारे समाज के लिए एक सुदृढ़ और प्रगतिशील भविष्य की नींव रखने का प्रतीक है। यह मिशन ऐसे समाज के निर्माण के संकल्प को दर्शाता है, जहाँ हर बच्चा, विशेष रूप से बच्चियाँ, सुरक्षित, शिक्षित और सशक्त होकर अपने सपनों का भविष्य गढ़ सकें। इसका उद्देश्य केवल सहायता प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उनके सफर में एक मार्गदर्शक और सहयोगी की भूमिका निभाना है, ताकि वे हर चुनौती का सामना करते हुए आत्मनिर्भर बन सकें और देश की प्रगति में अपना अमूल्य योगदान दे सकें।"**

## उद्देश्य:

1. **जागरूकता का प्रसार:** महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर जागरूक करना। इसमें नारी स्वावलंबन, साइबर सुरक्षा और 'गुड टच-बैड टच' जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं।
2. **मिशन शक्ति केंद्रों की भूमिका से परिचय कराना:** आम जनता, विशेष रूप से महिलाओं को मिशन शक्ति केंद्रों के कार्यों, उद्देश्यों और उपलब्ध सेवाओं (जैसे कानूनी सहायता, परामर्श, संरक्षण) की जानकारी देना ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर इनका लाभ उठा सकें।
3. **हेल्पलाइन सेवाओं का प्रचार-प्रसार:** महिलाओं और बच्चों से संबंधित विभिन्न आपातकालीन और सहायता सेवाओं (जैसे 1090, 181, 112, 1098, 1930 आदि) के बारे में व्यापक पैमाने पर जानकारी पहुँचाना, ताकि संकट की स्थिति में तुरंत मदद ली जा सके।
4. **सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना:** एक ऐसे सुरक्षित और संवेदनशील वातावरण का निर्माण करना जहाँ महिलाएं और बच्चे बिना किसी भय के अपना विकास कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।
5. **सामुदायिक सहभागिता:** एंटी-रोमियो टीम और मिशन शक्ति टीम के माध्यम से सीधे तौर पर समुदाय तक पहुँचकर, सुरक्षा और जागरूकता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-II

**"मिशन शक्ति 5.0-शिक्षित नारी, सशक्त समाज, मिशन शक्ति का यही प्रयास"**

**थाना माल क्षेत्र के अंतर्गत मिशन शक्ति केन्द्र थाना माल, लखनऊ में "मिशन शक्ति 5.0" अभियान, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, कानूनी अधिकारों,सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर सिखाए आत्मरक्षा के प्रभावी तरीके।**

दिनांक – 26.04.2026

**लखनऊ, दिनांक: 22 अक्टूबर, 2025** - पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के कुशल निर्देशन में कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे "मिशन शक्ति 5.0" अभियान के तहत थाना माल क्षेत्र में रविवार को एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है।

श्रीमान पुलिस आयुक्त, लखनऊ, के कुशल निर्देशन में कमिश्नरेट लखनऊ में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु व्यापक जागरूकता गतिविधियाँ चलाई जा रही हैं। इस क्रम में, जनपद के 54 थानों पर **मिशन शक्ति केंद्र** स्थापित किए गए हैं, जहाँ महिला संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु समर्पित अधिकारियों (निरीक्षक, अतिरिक्त निरीक्षक, उपनिरीक्षक, महिला उपनिरीक्षक) की नियुक्ति की गई है।

### *आयोजन/आयोजन स्थल-*

- ✓ म0उ0नि0 श्रीमती खुशबू यादव माल लखनऊ कमिश्नरेट।
- ✓ म0हे0का0 अनुराधा सिंह थाना माल लखनऊ कमिश्नरेट।
- ✓ थाना **माल क्षेत्र**, लखनऊ के अंतर्गतग मिशन शक्ति केन्द्र थाना माल,लखनऊ में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### आयोजक टीम-

- महिला उ0नि0 श्रीमती खुशबू यादव थाना माल कमिश्नरेट लखनऊ।
- थाना माल के अन्य महिला कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम का विस्तृत विवरण:-

थाना **माल क्षेत्र,** लखनऊ के अंतर्गत मिशन शक्ति केन्द्र थाना माल लखनऊ में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके **कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों, सरकारी योजनाओं** एवं **आत्मरक्षा के तरीकों** के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि यूपी पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न सेवाओं को क्रियाशील किया गया है, जिनमें महिला हेल्पलाइन, स्मार्ट सिटी कैमरे, और फील्ड पुलिस पेट्रोलिंग जैसे उपाय शामिल हैं। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्हें आत्मरक्षा और सरकारी

योजनाओं के लाभ उठाने के तरीकों पर शिक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और समानता को बढ़ावा देना

कार्यक्रम के दौरान टीम ने महिलाओं को बताया कि **उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु** कई प्रभावी सेवाएँ संचालित की जा रही हैं, जैसे:

- **1090 (महिला शक्ति हेल्पलाइन)**
- **181 (महिला हेल्पलाइन)**
- **112 (आपातकालीन सेवा)**
- **1098 (चाइल्डलाइन)**
- **1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन)**
- **UP-COP मोबाइल ऐप** का उपयोग

इसके साथ ही **स्मार्ट सिटी कैमरे**, **फील्ड पेट्रोलिंग यूनिट**, एवं **एंटी रोमियो स्क्वॉड** के कार्यों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

महिलाओं को यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में वे इन हेल्पलाइन सेवाओं के माध्यम से तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

## मुख्य जागरूकता बिंदु:-

1. महिलाओं को **आत्मरक्षा और आत्मनिर्भरता** के लिए प्रेरित किया गया।
2. **"गुड टच" और "बैड टच"** के माध्यम से संवेदनशील विषयों पर जागरूकता बढ़ाई गई।
3. **साइबर अपराधों से सुरक्षा** हेतु सावधानी और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया समझाई गई।
4. **बाल विवाह निषेध, महिला अधिकार एवं सरकारी योजनाओं** से संबंधित जानकारी दी गई।
5. उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं में जागरूकता हेतु **पम्फलेट और जानकारी पत्रक वितरित किए गए।**

## उद्देश्य एवं महत्व-

मिशन शक्ति 5.0 अभियान न केवल महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास करा रहा है, बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज के निर्माण की नींव रख रहा है।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-I

**दिनांक- 26.04.2026**

**मिशन शक्ति 5.0"सतर्कता है ज़रूरी, सुरक्षा है पहली जिम्मेदारी।**

**थाना बथरा टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेती में महिलाओं एव बच्चों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, साइबर अपराध, सरकारी योजनाओं, महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करके यूपी-कोप (UP-COPS) के बारे में जानकारी देकर किया जागरूक।**

**उत्तर प्रदेश सरकार के दृष्टिकोण** और **पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देशानुसार, पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट लखनऊ के** मार्गदर्शन में 'मिशन शक्ति 5.0' का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान नारी सशक्तिकरण को एक नई दिशा और गति प्रदान कर रहा है।

लखनऊ पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद के सभी 54 थानों में विशेष 'मिशन शक्ति केन्द्र' स्थापित किए हैं। यह निर्णय श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस आयुक्त, लखनऊ के मार्गदर्शन में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत लिया गया है

### आयोजक/आयोजन स्थल-

- ✓ महिला उप निरीक्षक गुलाबकली, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्नरेट।
- ✓ महिला उप निरीक्षक  नेहा यादव, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्नरेट।
- ✓ उप निरीक्षक श्री रमेश चन्द्र, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्नरेट।
- ✓ महिला आरक्षी रामा गुडिया, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्नरेट।
- ✓ ग्राम पंचायत बेती थाना बथरा लखनऊ में

### प्रतिभाग-

- महिला उप निरीक्षक गुलाबकली, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्नरेट।
- महिला उप निरीक्षक  नेहा यादव, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्नरेट।
- उप निरीक्षक श्री रमेश चन्द्र, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्नरेट।
- उप निरीक्षक श्री अशोक कुमार गौड़, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्नरेट।
- महिला आरक्षी रामा गुडिया, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्नरेट।
- महिला आरक्षी रंजना सरोज, थाना बंथरा लखनऊ कमिश्नरेट
- ग्राम पंचायत बेती थाना बथरा, लखनऊ में करीब 50-60 बच्चो व महिलाए।

## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत आज दिनांक 26.04.2026 को ग्राम पंचायत बेती थाना बंथरा जनपद लखनऊ में थाना स्थानीय से मौजूद फोर्स द्वारा बच्चों व महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए पुलिस हेल्पलाइन नंबर जैसे 112, 1090,181,1076 एवं अन्य महत्वपूर्ण नंबरो के साथ ही महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा केंद्र(वीमेन पावर लाइन ), महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र व साइबर क्राइम, यूपी कॉप एप, आदि के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई तथा साइबर क्राइम से बचाव और सुरक्षा के सम्बन्ध में अवगत कराया गया एवं मिशन शक्ति फेज 05.0 के अंतर्गत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं(शिक्षा/ बैंक सुविधा/ विधवा पेंशन योजना व अन्य ) के बारे में जरिए पेम्फलेट महिला सशक्तिकरण संबंधी जागरुकता अभियान चलाया गया।

इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय को कानूनी अधिकारों के प्रति सजग बनाना, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और सामाजिक सहभागिता through education को बढ़ावा देना था। पुलिस की यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हुई है।

## मिशन शक्ति कार्यक्रम के मुख्य बिंदु:

- **महिला अपराध:** महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के प्रकार और उनसे बचाव के उपाय।
- **साइबर क्राइम:** ऑनलाइन धोखाधड़ी, हैकिंग और अन्य साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के तरीके।
- **यातायात नियम:** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने का महत्व।

**मुख्य संदेश: "डरें नहीं, शिकायत करें":**

छात्राओं को एक मजबूत संदेश दिया गया कि **"डरने से अपराध कम नहीं होता है।"** जोर देकर कहा कि यदि कोई उन्हें परेशान कर रहा है या उनके साथ कोई दिक्कत हो रही है, तो तुरंत पुलिस से शिकायत करें।

**तत्काल सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर:** छात्राओं को किसी भी मुसीबत की स्थिति में तुरंत मदद के लिए दो महत्वपूर्ण नंबर बताए गए:

- **112:** यह आपातकालीन सेवा नंबर है, जिस पर किसी भी तरह की समस्या के लिए कॉल किया जा सकता है।
- **1090 (महिला पावर लाइन):** इस नंबर पर कॉल करने पर **उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।** यह महिलाओं के लिए एक विशेष और सुरक्षित हेल्पलाइन है।

**पुलिस की मौजूदगी का आश्वासन:**

यह बताया गया कि शहर की हर सड़क पर पुलिस मौजूद है और महिलाओं की सहायता के लिए विशेष **पिंक बूथ** भी बनाए गए हैं। समस्या का त्वरित समाधान केवल समय रहते सूचना देने पर ही संभव है।

## सारांश:

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं छात्राओं को अपराधों के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें यह आत्मविश्वास देना था कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार है। उन्हें डरने के बजाय, किसी भी अनहोनी की स्थिति में तुरंत 1090 या 112 पर कॉल करके मदद लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।